बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
<u>सकारण आदेश</u>

संवेदक Murari Yadav(Regd. No-2210968), Vill-Tintanga Karari, PO-Tintanga Karari, PS-Gopalpur, Dist-Bhagalpur, Pin-853205 को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,,कार्य प्रमंडल–01, भागलपुर के अधीन सबौर प्रखंड के शंकरपुर दियारा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 16.05.2025 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 15.07.2026 है।

एकरारनामा के अनुसार संवेदक द्वारा ससमय कार्य नहीं प्रारंभ करने के पश्चात क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा कार्य प्रारंभ करने हेतु संवेदक को कई बार स्मारित किया गया इसके बावजूद संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं की गई। तदालोक में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, भागलपुर का पत्रांक 184 दिनांक 03.02.2026 द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए उनके पत्रांक 186 दिनांक 03.02.2026 द्वारा संवेदक को कालीकृत किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है। इसी बीच संवेदक द्वारा अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए 40(चालीस) दिनों के अंदर पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस आधार पर अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर का पत्रांक 71 दिनांक 11.02.2026 द्वारा उक्त एकरारनामा विखंडन आदेश को 40(चालीस) दिनों के लिए स्थगित करते हुए कार्य पूर्ण किये जाने हेतु संवेदक को मौका दिया गया।

कार्यपालक अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई किये जाने के पूर्व विभागीय पत्रांक 2086 दिनांक 17.02.2026 द्वारा संवेदक से कारणपृच्छा की गई। कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर का पत्रांक 71 दिनांक 11.02.2026 को पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक 4721 दिनांक 17.04.2026 द्वारा अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर से कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने हेतु अनुरोध किया गया।

अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर का पत्रांक 166 दिनांक 21.04.2026 द्वारा प्रश्नगत निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक मुरारी यादव द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से समर्पित Work Programme समर्पित करते हुए 40 दिनों के अंदर कार्य में प्रगति लाने का आश्वासन दिया गया। परंतु मुरारी यादव द्वारा समर्पित संशोधित Work Programme के अनुसार कार्य नहीं करने के कारण पुनः कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, भागलपुर का सकारण आदेश ज्ञापांक 571 दिनांक 13.04.2026 द्वारा एकरारनामा विखंडित किया गया है।

वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण किये जाने में कोई अभिरूचि नहीं ली जा रही है।

P.T.O.

वर्णित परिप्रेक्ष्य में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, भागलपुर के अधीन सबौर प्रखंड के शंकरपुर दियारा पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार पूर्ण नहीं किये जाने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक Murari Yadav(Regd. No-2210968), Vill-Tintanga Karari, PO-Tintanga Karari, PS-Gopalpur, Dist-Bhagalpur, Pin-853205 को कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

12/05/2026

(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–54/2026 5994 /पटना, दिनांकः– 15/5/26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–54/2026 5994 /पटना, दिनांकः– 15/5/26

निबंधित

प्रतिलिपिः–Murari Yadav(Regd. No-2210968), Vill-Tintanga Karari, PO-Tintanga Karari, PS-Gopalpur, Dist-Bhagalpur, Pin-853205 को सूचनार्थ प्रेषित।

12/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–54/2026 5994 /पटना, दिनांकः– 15/5/26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–54/2026 5994 /पटना, दिनांकः– 15/5/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, भागलपुर एवं अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

12/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–54/2026 5994 /पटना, दिनांकः– 15/5/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/05/2026

अभियंता प्रमुख